उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,

रायपुर–थानों मार्ग निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर, देहरादून।

दूरभाष–9520991172, WhatsApp No- 9520991174 ई–मेल–chayanayog@gmail.com

संख्याः 509 /2023–24 देहरादूनः दिनांक 20 जून, 2023

संवाद

1– कनिष्ठ सहायक भर्ती परीक्षा के अंतिम परीक्षा परिणाम एवं चयन संस्तुति के संबंध में।

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा पदनाम–कनिष्ठ सहायक/डाटा एन्ट्री ऑपरेटर एवं इंटरमीडिएट स्तर के समान अर्हता के विभिन्न पदों पर चयन हेतु दिनांक 31 अक्टूबर, 2021 को लिखित परीक्षा आयोजित की गयी थी। उक्त पदों हेतु चयनित अभ्यर्थियों की टंकण परीक्षा दिनांक 30.05.2022 से 01 जून, 2022 के मध्य आयोजित की गयी एवं टंकण परीक्षा के उपरांत औपबंधिक श्रेष्ठता सूची में चयनित अभ्यर्थियों का अभिलेख सत्यापन दिनांक 03.04.2023 से 25.04.2023 के मध्य आयोजित किया गया एवं साथ ही अभ्यर्थियों से उनके विभागों के चयन हेतु ऑनलाइन विकल्प का अवसर भी प्रदान किया गया था। दिनांक 16 जून, 2023 को कुल विज्ञापित Typing व Non Typing पदों के सापेक्ष प्रथम चरण में 540 अभ्यर्थियों की सूची आयोग वेबसाइट पर प्रकाशित की गयी।

उक्त जारी सूची के संबंध में कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा यह आपत्ति व्यक्त कि गयी है कि उनकों उनकी रैंक व वरीयता के अनुरूप विभागों का आवंटन नहीं हो पाया है।

उक्त परीक्षा के अभिलेख सत्यापन में प्रथम व द्वितीय दिवस में विभागो के ऑफलाइन विकल्प को भरे जाने में आ रही तकनीकी कठिनाई के कारण ऑनलाइन विकल्प भी प्राप्त किये गये थे। सम्भव है कि इस प्रकिया में अंतिम रूप से विभागों के विकल्प आंवटन में कोई त्रुटि न रह गयी हो।

अतः समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षा में विभाग आंवटन प्रकिया का पुनः परीक्षण करवाया जा रहा है।

2– वन दरोगा परीक्षा परिणाम के संबंध में।

दिनांक 16 जून, 2023 को वन दरोगा परीक्षा का औपबंधिक परीक्षा परिणाम आयोग वेबसाइट पर प्रकाशित किया गया था। कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा अपने प्राप्तांकों के संबंध में शंका व्यक्त की जा रही है। साथ ही यह भी अनुरोध किया जा रहा है कि इस परीक्षा की अन्तिम उत्तर कुंजी (Final Answer Key) का प्रकाशन किया जाय जिससे कि अभ्यर्थी अपने वास्तविक प्राप्तांकों का मिलान कर सके।

इस संबंध में अभ्यर्थियों के हित में वन दरोगा परीक्षा की अन्तिम उत्तर कुंजी (Final Answer Key) का प्रकाशन आयोग की वेबसाइट पर किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

अतः अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे कृपया धैर्य बनाये रखे।

-Sd-

(सुरेन्द्र सिंह रावत)
सचिव